पत्रिका

शहर के उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए डीएलसी का इंदौर चैप्टर शुरू

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर फैले दुनिया के पहले बिजनेस प्लेटफॉर्म डेला लीडर्स क्लब (डीएलसी) के संस्थापक जिमी मिस्त्री ने शहर के उद्यमियों के लिए डेला ग्रुप के इंदौर चैप्टर की शुरुआत की। जिमी इंदौर से नाता रखते है। उन्होंने कहा मैं इंदौर से आज भी दिल से जुड़ा हूं। भले ही मैं यहां नहीं रहता लेकिन मेरी जड़ें यहीं हैं।

जिमी ने कहा ऐसा लगता है कि मैं डीएलसी इंदौर चैप्टर लॉन्च के साथ घर वापस आ गया हूं। इस शहर ने जबरदस्त विकास क्षमता दिखाई और यह उद्यमियों और युवाओं की भूमि भी है। हम डीएलसी के ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर इंदौर का सह-निर्माण, सहयोग और प्रदर्शन करना चाहते हैं। जिमी मिस्त्री ने जानकारी देते हुए कहा न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर, बैंकॉक जैसे शहरों के साथ-साथ इंदौर समेत 9 भारतीय शहरों में भी डीएलसी के 6 चैप्टर हैं। इस ग्रुप से 2200 से अधिक सदस्य जुड़े हैं, जो दुनियाभर में अपने-अपने पेशे में ऊंचाईयों को छू रहे हैं। डीएलसी इंदौर चैप्टर को लिंक्डइन के सह-संस्थापक नेविल गौंट और लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) रेमंड नोरोन्हा ने लांच किया। नेविल कैन यू हैंडल 'द ट्रूथ' किताब के सह-लेखक भी है। वहीं लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) नोरोन्हा ने जे बार परम विशिष्ट सेवा मेडल व अति विशिष्ट सेवा मेडल और कई सेना मेडल और पदक प्राप्त किए हैं। जेआरडी टाटा के नक्शे कदम पर चलने वाले जिमी मिस्त्री ने कहा आप जिस भी व्यवसाय में हैं, निष्पक्ष और ईमानदारी से लोगों और अपने देश की जरूरतों को पूरा करें।